हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

11 जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत...

12 दीपदान कर आंवला वृक्ष की पूजा के साथ किया...




## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा के थाना चौक के पास खड़े एक व्यक्ति को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकीमौत हो गई। पिथौरा पुलिस को महेश बरिहा निवासी सिंधुपाली ने बताया कि 5 नवंबर को जगत देवदास निवासी जामपाली के ट्रैक्टर सीजी 04 एलयू 6230 में उसके बड़े भाई देवा बरिहा एवं गांव के अन्य लोग रामकृष्ण साहू के बडे भाई गोपाल साहू के घर ग्राम खपराखोल छट्ठी कार्यक्रम में गये थे। इस दौरान देवा ग्राम खपराखोल से वापस पिथौरा आकर थाना चौक में घर आने के लिये खड़ा था। दोपहर करीब 3.30 बजे ग्राम जामपाली के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एलयू 6230 के चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, भाई देवा बरिहा के सीने में चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में युवक घायल

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में युवक के घायल होने के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सोहोगी बाई साहू निवासी परसवानी ने बताया कि 8.10.2025 को उसका बेटा पोखराज साहू घुमने के लिये अपने मोटर सायकल से बिरकोनी परवानी मोड की ओर गया था। जब वह अपनी मोटर सायकल को परवानी मोड के पास खड़ी कर रोड क्रास कर रहा था, उसी समय एनएच 53 रोड आरंग से तुमगांव की तरफ जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एमजे 2805 का चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से पोखराम के जबड़े, दांये पैर के घुटने, सिर और शरीर के अन्य जगह में भी चोंट लगी। जिसे जिला अस्पताल में प्रारंभिक चिकित्सा उपरांत रायपुर डीकेएस हास्पिटल रेफर किया गया।

# सिलिंडर की होम डिलीवरी ठप, मुख्यालय से लेकर जा रहे ग्रामीण उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में रसोई गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी सेवा पूरी तरह से बाधित हो गई है, जिससे आम जनता, खासकर दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों के लिए एक बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। होम डिलीवरी बंद होने के कारण अब उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए स्वयं जिला मुख्यालय स्थित गैस एजेंसियों तक आना पड़ रहा है, जिससे उनका समय, पैसा और श्रम तीनों बर्बाद हो रहे हैं।

एलपीजी वितरक से मिली जानकारी के अनुसार, यह समस्या मुख्य रूप से वितरकों द्वारा कमीशन और प्रशासनिक शुल्क में बढ़ोतरी की मांग को लेकर चल रहे देशव्यापी या क्षेत्रीय विरोध प्रदर्शनों के कारण उत्पन्न हुई है। वितरकों का कहना है कि डीजल की बढ़ती कीमतें, कर्मचारियों का बढ़ा हुआ वेतन और अन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन उनका कमीशन लंबे समय से नहीं बढ़ाया गया है। इसी मांग को लेकर कई वितरकों ने होम डिलीवरी बंद करने का फैसला लिया है, जिसके चलते जिला मुख्यालय के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था चरमरा गई है।



### वितरकों ने की कमीशन व शुल्क बढ़ोत्तरी मांग

#### ग्रामीणों के लिए दोहरी मार

होम डिलीवरी बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी जिले के दूरस्थ गांवों में रहने वाले उपभोक्ताओं को हो रही है। उन्हें अब सिलेंडर लेने के लिए 10-20 किलोमीटर या उससे भी अधिक की दूरी तय करके जिला मुख्यालय आना पड़ रहा है। इस लंबी यात्रा में उनका किराया और समय दोनों खर्च हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई उपभोक्ता, विशेषकर महिलाएं और बुजुर्ग, सिलेंडर को खुद ढोने में असमर्थ हैं। शांति बाई, एक उपभोक्त ने बताया है कि मेरा घर शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। पहले डिलीवरी वाला घर पर सिलेंडर दे जाता था, अब मुझे ऑटो करके आना पड़ा है।

## धरना-प्रदर्शन: 12 से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने दी चेतावनी

# वेतन वृद्धि को लेकर जिला सहकारी बैंक में कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- लंबित एक सूत्रीय वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर आंदोलन

सहकारी समितियों के हड़ताल में जाने के साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में कार्यरत कर्मचारियों ने भी अपनी लंबित वार्षिक वेतनवृद्धि की एक सूत्रीय मांग को लेकर गुरुवार से आंदोलन शुरु कर दिया। सामूहिक अवकाश लेकर बैंक के सामने जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन ने बैंकिंग सेवाओं को ठप कर दिया, जिससे बैंक के खाताधारकों, विशेष रूप से किसानों को, भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

कर्मचारी संघ का मुख्य मुद्दा वर्ष 2021 से लंबित वार्षिक वेतनवृद्धि का भुगतान है। संघ का दावा है कि इस मामले में कर्मचारियों के पक्ष में उच्च न्यायालय के निर्णयादेश आ चुके हैं, यहाँ तक कि 5 वर्षों का वेतन एरियर्स देने का आदेश भी पारित हुआ है। इसके बावजूद, पंजीयन सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ के प्राधिकृत अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर द्वारा इन आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट किया है कि वेतनवृद्धि का प्रस्ताव लंबे समय से शासन और पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर के स्तर पर अटका हुआ है। उनका तर्क है कि इस वृद्धि से शासन पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा, क्योंकि बैंक स्वयं की आय से इसका वहन कर सकता है, फिर भी प्रस्ताव को जानबूझकर लंबित रखा गया है।



### खरीदी पर संकट

राज्य में 17 नवंबर से धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और प्राथमिक कृषि साख समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यदि 12 नवंबर से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाते हैं, तो धान खरीदी का कार्य बुरी तरह बाधित हो सकती है। जिससे लाखों किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बैंकिंग कार्य जैसे कर्ज की किश्त भरना, नया कर्ज लेना, और अन्य वित्तीय लेनदेन भी ठप होंगे।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल 12 से

कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर एक कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस प्रदर्शन के बाद भी उनकी एकसूत्रीय मांग वर्ष 2021 से लंबित वार्षिक वेतनवृद्धि पूरी नहीं की जाती है, तो वे 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से बैंकिंग व्यवस्था और कृषि गतिविधियों पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है।

### एक दिवसीय बैंक बंदी

विरोध प्रदर्शन इसी उपेक्षा के खिलाफ एक चेतावनी के रूप में सामने आया है। महासमुंद, सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा में कामकाज ठप रहा हैं। कर्मचारियों ने बैंक मुख्यालय के बाहर एकत्र होकर अपनी मांग के समर्थन में नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की अवहेलना करना न्याय की अवमानना है और कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

### किसान और जनता दोनों परेशान: मानिक




**महासमुंद।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की कथित किसान हितैषी नीतियाँ अब खुद किसानों और कर्मचारियों के गले की फांस बनती जा रही हैं। प्रदेशभर की सहकारी समितियों के कंप्यूटर ऑपरेटर पिछले चार दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। वहीं सहकारी बैंक के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हो गए हैं। इससे न सिर्फ़ सरकारी कामकाज ठप हो गया है, बल्कि प्रदेश की पूरी धान खरीदी व्यवस्था और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार जहां 14 नवंबर से धान खरीदी की तैयारी का दावा कर रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत यह है कि समितियों में एक भी कंप्यूटर नहीं चल रहा, बैंक लेनदेन ठप है, और किसान खरीदी केंद्रों में असमंजस की स्थिति में खड़े हैं।

# पटपरपाली में ग्रामीणों के रसोई में भालू की धमक, पी गया तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा ब्लॉक के पटपरपाली हाइवे किनारे स्थित एक घर में उस वक्त हड़कंप और दहशत का माहौल बन गया, जब सुबह-सुबह एक भालू सीधे रसोई में घुस गया। परिवार के सदस्य उस समय चाय बनाने की तैयारी कर रहे थे कि



तभी कमरे से अजीबोगरीब आवाज सुनाई दी। जब परिवार के मुखिया यह देखने पहुंचे कि आखिर आवाज कैसी है, तो सामने भालू को देखकर उनके होश उड़ गए और भालू उनकी ओर बढ़ने लगा।

परिवारजनों ने बिना देर किए तत्काल सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने फौरन रसोई का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, जिससे भालू कमरे के अंदर ही कैद हो गया। इसके बाद, उन्होंने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। यह घटना दर्शाती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीवों की आवाजाही कितनी बढ़ गई है, जिससे लोगों के घरों में भी उनका प्रवेश हो रहा है। भालू के घर में घुसने की खबर मिलते ही, आस-पास के लोगों में भी भय का माहौल व्याप्त हो गया और वे घर के बाहर जमा हो गए। परिवार के सदस्यों ने जो बताया, वह और भी चौंकाने वाला हैं। उनके अनुसार, भालू रसोई में रखा एक टिन तेल को पी गया । रसोई में दो टिन तेल रखे हुए थे, जिनमें से एक टिन को तोड़कर भालू ने गटक लिया। इस घटना से घरवाले गहरे सदमे में हैं और उनमें दहशत फैल गई है।

### वन विभाग की अपील और चेतावनी

ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए, वन विभाग ने लोगों सलाह दी गई है कि वे किसी भी स्थिति में भालू या किसी अन्य वन्यजीव को परेशान न करें और न ही उसे भगाने की कोशिश करें। और तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दें।

### दो घंटे तक तांडव

भालू करीब दो घंटे तक रसोई के अंदर फंसा रहा और इस दौरान उसने पूरे किचन को तहस-नहस कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि रसोई का सामान बिखरा पड़ा था और चारों तरफ तेल फैला हुआ था। भालू के निकलने के बाद रसोई का नजारा किसी तबाही से कम नहीं था, जिसे देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि परिवार ने कितने बड़े खतरे का सामना किया। इस घटना से स्थानीय लोगों में वन्यजीवों के रिहायशी इलाकों में आने को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# श्रम अधिकारी की रिपोर्ट पर दो मजदूर दलालों के खिलाफ मामला दर्ज

फॉलोअप

**महासमुंद।** अधिक मजदूरी रकम दिलाने के नाम पर मानव तस्करी किए जाने के मामले में श्रम विभाग के अधिकारी ने दो मजदूर दलालों के विरूद्ध पिथौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल ने पुलिस को बताया कि 3 नवंबर को श्रम पदाधिकारी जिला महासमुंद के द्वारा अनुज्ञप्ति बगैर पलायन पंजी में एंट्री कराए श्रमिकों को ले जाने वाले लेबर ठेकेदारों / दलालों के विरूद्ध के निर्देश मिले थे। जिस पर उनके सहकर्मी दानेश्वर साहू श्रम कल्याण निरीक्षक, राकेश प्रधान सहायक ग्रेड 3, मुकेश कुमार साहू सहायक ग्रेड 3, हिमालय चंद्राकर लेखापाल को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। तत्संबंध में 5 नवंबर को सूचना मिली कि ग्राम मुढ़ीपार के गंगाराम प्रजापति, रामदास दीवान के द्वारा कुछ मजदूरों को अधिक मजदूरी रकम दिलाने के नाम से लालच देकर उत्तर प्रदेश ईटभठ्ठा में काम करने हेतु पलायन कराया जा रहा है। इसके बाद वे अपनी टीम के साथ ग्राम मुढीपार थाना पिथौरा के पास पहुंचे, जहां पर कुछ मजदूर अपने परिवार के साथ उत्तरप्रदेश ईटा भठ्ठा जाने हेतु खड़े थे, जिनसे नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम राजेंद्र झरेका, डॉक्टर झरेका, नवीन झरेका, गोविंद झरेका निवासी ग्राम मुढीपार होना बताया और पूछताछ करने पर रामदास दीवान एवं गंगाराम प्रजापति द्वारा एडवांस रकम व धमकी देकर अधिक मजदूरी की रकम दिलाने के नाम पर उत्तरप्रदेश में ईटा भठ्ठा में काम कराने ले जाना बताया। मामले को लेकर दिए गए आवेदन के आधार पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 143, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### छत्तीसगढ़ महतारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के विरूद्ध अपराध दर्ज करने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। सोशल मीडिया पर दीपक लालवानी द्वारा इंस्टाग्राम आईडी नं. **deepak_lalwani**123 में छत्तीसगढ़ महतारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने एवं **Rajesh Udasi** द्वारा आईडी **https://www.facebook.com/share/1CgbjgızEH** के द्वारा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अमित बघेल को अश्लील व आपत्तिजनक गाली गलौज कर अनादर करने से संपूर्ण छत्तीसगढ़िया समाज आहत एवं रोष उत्पन्न है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा उपरोक्त दोनों नामांकित व्यक्तियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर 06 नवंबर को लिखित में शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें जोहार छग पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर, खंड अध्यक्ष मानिकचंद साहू, शहर अध्यक्ष चुनेश्वर सिन्हा, लक्ष्मीकांत सिन्हा, सुमित साहू, हुकेश्वर साहू, करूण औसर, घनश्याम साहू, पुरूषोत्तम योगेश एवं अन्य कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर, खंड अध्यक्ष मानिकचंद साहू ने संयुक्त रूप से दी है।

# जोंक नदी बिजेपुर घाट से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन जारी

## रेत माफियाओं द्वारा अवैध खनन कर किया जा रहा परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

महासमुंद जिले के अंतर्गत पिथौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत उतेकेल बिजेपुर घाट जोंक नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर धड़ल्ले से परिवहन किया जा रहा है। गांव के ही एक रेत माफिया द्वारा बेखौफ होकर रेत का उत्खनन करते हुए परिवहन किया जा रहा है। खनिज विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी है या नहीं। अगर जानकारी है तो कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। कार्रवाई नहीं होने के कारण रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है।



इधर, रेत परिवहन से नदी के किनारे लगे हुए धान के फसल को नुकसान हो रहा है। आवागमन के लिए रास्ता नहीं होने के कारण धान फसल लगे हुए खेतों में ट्रैक्टर को खेत के रास्ते में ले जाते हुए परिवहन किया जा रहा है। फ़सल नुकसान होने से किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अवैध रेत उत्खनन से छग शासन को राजस्व का भारी नुक़सान हो रहा है।

खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने में कोताही बरत रही है। ग्रामीणों द्वारा अवैध रेत उत्खनन को बंद किए जाने की मांग की है। मीडिया की सूचना पर नायब तहसीलदार ललित सिंह के निर्देशानुसार सांकरा पटवारी राजेंद्र डोंगरे बिजेपुर घाट पहुंचे। अवैध रेत परिवहन करने वाले खाली ट्रैक्टर लेकर भाग गए।

## प्रेमशीला को उपराष्ट्रपति ने दिया रानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी पुरस्कार

# महिला अधिकारों की 29 साल की लड़ाई, पहुंची न्यूयॉर्क तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महिलाओं की वीरता, शौर्य, साहस व आत्मबल को बल को सशक्त करने के लिए महासमुंद के प्रेमशीला बघेल को वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना महोत्सव के समापन पर उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने प्रदान किया। बता दें कि वे महासमुंद की पहली महिला जिन्हें यह पुरस्कार मिला प्रेमशीला को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर सम्मानित किया गया है। वे इस क्षेत्र में 1996 से काम कर रहीं हैं। महिलाओं और वंचित समुदायों के हक की लड़ाई में सक्रिय प्रेमशीला ने छत्तीसगढ़ महिला जागृति संगठन में 11 साल तक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए हजारों महिलाओं को अधिकारों की लड़ाई लड़ी। मुखर बनकर अपने स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। साल 2000 में न्यूयॉर्क में आयोजित वर्ल्ड मार्च ऑफ वुमन में उन्होंने महिलाओं पर बढ़ती हिंसा और गरीबी जैसे ज्वलंत मुद्दे पूरी दुनिया के सामने उठाए। भारत की 25 संघर्षरत महिलाओं के साथ छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति दर्ज कराई।



### जमीन पर काम कर बनीं महिलाओं की बुलंद आवाज

प्रेमशीला ने जमीनी स्तर पर काम किया। उन्होंने काम करते हुए अपनी संस्था को मजबूत किया। बहुत छोटे छोटे फंड की मदद से सामाजिक मुद्दों पर कार्य करना शुरू किया। महासमुंद जिले में लगभग 1500 महिला समूहों के बैंक खातों का डिजिटलीकरण करवाया। नाबार्ड, एनयूएलएम, जैसी योजनाओं के साथ ग्रामीण और शहरी 15000 महिलाओं के समूह को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी पहल की।

### कुष्ठ पीड़ितों और दिव्यांगों के लिए भी बनीं सहारा

साल 2005 से 2008 तक राजनांदगांव जिले में कुष्ठ पीड़ितों और दिव्यांगों का समूह बनाकर उनके साथ आजीविका मूलक कार्य किया। ऐसे 100 समूह बनाकर वंचित और समाज के मुख्य धारा से कटे लोगों की आवाज बनी। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बुनकर महिलाओं को हाथ करघा से जोड़ा, साबुन निर्माण, कुम्हार महिलाओं को मिट्टी की आधुनिक कला से और बसोड महिलाओं को बांस शिल्प और घरेलू महिलाओं को महिला कैंटीन से जोड़कर आजीविका की नई परिभाषा गढ़ी।

### बचपन कष्टों में बीता... माता-पिता थे दिहाड़ी मजदूर

महासमुंद में जन्मी प्रेमशीला का बचपन अभावों और संघर्षों में बीता। माता-पिता दिहाड़ी मजदूर थे। दो बहनों में छोटी बेटी के रूप में वह घर की पहचान बनी। बचपन में उन्हें घर में दो वक्त की रोटी भी मयस्सर न थी। शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास तीनों ही उनके लिए किसी सपने की तरह थे। 19 साल की उम्र में उनके पिता ने उन्हें एक सामाजिक संस्था से जोड़ा। इसके बाद उन्होंने समाजसेवा को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। यहीं से महिलाओं को जागरूक करने की उनकी यात्रा शुरू हुई, जो अब तक जारी है।

# एक्सीडेंट में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्सीडेंट के दो मामलों में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया।

पुलिस को प्रार्थी संतकुमार मानिकपुरी ग्राम पीपलखुंटा ने बताया कि 5 नवंबर की दोपहर को उसका भतीजा नमन दास मानिकपुरी पिता द्रोण कुमार मानिकपुरी (16 साल) चंदखुरी अपने साथी राकेश दास मानिकपुरी निवासी चंदखुरी के साथ अपने पिता की मोटर सायकल बजाज सीटी 100 क्र सीजी06 जीक्यू 3664 में ग्राम गढ़फुलझर जाने के लिये निकला था। मोटर सायकल को उसका भतीजा नमन दास मानिकपुरी चला रहा था। दोपहर करीबन 1.20 बजे बसना से गढ़फुलझर जाने के मार्ग में पेट्रोल पंप के आगे ग्राम छोटेडाभा के पास सामने की ओर से आ रहे अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुए उसके भतीजे की मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे नमन दास व उसके साथी राकेश दास दोनों जमीन पर गिर गए और




उन्हें चोटें आई। जिन्हें इलाज के लिये सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने चेक कर नमन दास मानिकपुरी की मौत हो जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अन्य मामले में दुर्घटनाग्रस्त बुजुर्ग की हुई मौत

एक्सीडेंट के दूसरे मामले में बरबसपुर के प्रदीप भोई ने बसना पुलिस को बताया कि 5 नवंबर की सुबह उसे सूचना मिली कि उसके पिताजी का रोड किनारे एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद उसने जाकर देखा तो पिताजी की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, वहीं पास ही एक मोटर सायकल एचएफ डीलक्स सीजी 06 जीएल 5415 पड़ी थी। इसके बाद वह अपने परिवार के तथा गांव के अन्य सदस्यों के साथ डायल 112 वाहन की सहायता से पिताजी के मृत शरीर को सीएचसी बसना लेकर गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 108 कुंडीय महायज्ञ का हुआ समापन, संतों के पलायन पर भावुक हुए विधायक

## हजारों संतों की उपस्थिति में बसना में हुआ विराट यज्ञ, विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने बताया एकता का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- बसना में भक्ति का महासागर : डॉ. संपत अग्रवाल बोले-यह आयोजन क्षेत्र की आत्मा है
- संतों के पलायन पर विधायक की आंखें हुईं नम,बोले : यह भावनाओं का पर्व था की आत्मा है

ग्राम अंसुला में आयोजित श्री श्री 108 एकादश कुंडीय श्रीमन महा गणेश महायज्ञ का भव्य और विराट समापन 5 नवंबर को हुआ। चातुर्मासी महा गणेश महायज्ञ का यह समापन समारोह कथा वाचन, विशाल हवन और महाभंडारे के साथ हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति और धार्मिकता के रंग में सराबोर कर दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता पर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इसे क्षेत्र के लिए एक गौरवशाली क्षण बताया।

**कुंभ जैसा माहौल' : धार्मिक चेतना का अविस्मरणीय संगम**-विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इस ऐतिहासिक आयोजन के सफल समापन पर मीडिया से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हजारों की संख्या में साधु महात्मा पधारे हुए थे, जिन्होंने यज्ञ की महत्ता और धार्मिकता को बढ़ाया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि समापन के अंतिम दिन भारी संख्या में भक्तगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने भावुक होकर कहा कि इस आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में कुंभ जैसा माहौल प्रतीत हो रहा था। यह विराट आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक परंपराओं को



पोषित किया, बल्कि जनमानस में धार्मिक उत्साह का एक अविस्मरणीय माहौल बना दिया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात को रेखांकित किया कि हजारों संतों का आगमन, 100 से अधिक कुंडों में हवन और भक्तों की अटूट आस्था ने सचमुच एक 'कुंभ जैसा' दृश्य प्रस्तुत किया। यह महायज्ञ हमारे क्षेत्र की धार्मिक शक्ति और एकता का प्रतीक बन गया है, जिसने लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया है।

समापन समारोह की दिव्यता का वर्णन करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने बताया कि समापन के दिन 100 से अधिक यज्ञ कुंड बनाए गए थे, जिसमें उपस्थित सभी धर्मप्रेमी जनों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ हवन-पूजन कर आहुतियां दीं और पुण्य लाभ अर्जित किया। उन्होंने महाभंडारे की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन की तरह ही अंतिम दिन भी विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी। इस महाभंडारे में भक्तों के लिए खीर-पूरी सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रसाद रखा गया था, जिसने हजारों भक्तों की सेवा का अवसर दिया।

### संतों के पलायन पर हुए भावुक

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक चेतना को जागृत करते हैं और समाज में सद्भाव का संदेश फैलाते हैं। उन्होंने यज्ञ के सफल आयोजन के लिए सभी साधु-संतों और उपस्थित भक्तजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया। बातचीत के दौरान, संतों के पलायन पर विधायक डॉ. अग्रवाल कुछ पल के लिए भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि कुछ साधु संत जो बहुत दूर से आए थे, वो पहले ही पलायन कर गए, और कुछ संतों ने आज (समापन के दिन) पलायन किया है। संतों के जाने से उनका मन भारी हो गया और आंखों से अश्रु निकल आए, जो आयोजन की गहन धार्मिक भावना और संतों के प्रति उनके आदर को दर्शाता है। यह महायज्ञ बसना क्षेत्र की धार्मिक और सामाजिक एकजुटता का एक महान उदाहरण बन गया है।

## खबर संक्षेप

### नरेन्द्राचार्य महाराज का 8 को प्रवचन



**रायपुर।** जगद्गुरु स्वामी नरेन्द्राचार्य का एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम 8 नवम्बर को दही हांडी मैदान, गुढ़ियारी में आयोजित होगा। इसे रामानन्द संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 से शाम 6 बजे तक होगा। इसके लिए पर्ची सुबह 7 से 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

### 150 पौवा शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार रुपए कीमत की 150 पौवा देशी शोले शराब जब्त की है। पुलिस ने भारती ध्रुव को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला उरला बीएसयूपी कालोनी से ट्रक ड्राइवरों के साथ अन्य लोगों को ब्लैक में शराब बेच रही थी।

### सूने मकान से 20 हजार की चोरी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से आलमारी खोल कर 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वल्लभ नगर निवासी खिलेंद्र सिंह राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। खिलेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान में प्रवेश कर अलमारी खोलकर रुपए चोरी कर ले गया।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक महिला ने एक युवक के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटोरा तालाब, सूर्या अपार्टमेंट निवासी निर्मला सैनी ने चेतन साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि चेतन शराब के नशे में धुत्त होकर गाली-गलौज कर रहा था।

## आंदोलन : देशभक्ति के जयकारों के साथ निकला पैदल मार्च

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकाला यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**खास बातें**

- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रवाद और एकता का संदेश
- बेलसोंडा से लोहिया चौक तक उत्साह से 8 किलोमीटर पद यात्रा में शामिल हुए

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिटी मार्च का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल एवं प्रमुख वक्ता पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर शामिल हुए।

लोहिया चौक में आयोजित समापन यात्रा में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को सरदार पटेल की सोच से प्रेरित बताया। मंत्री बघेल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान देश ने एकता और आत्मनिर्भरता की भावना के साथ चुनौतियों का सामना किया, जो सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के आदर्शों को साकार करता है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं प्रमुख वक्ता अजय चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारत की एकता के शिल्पकार थे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के संघर्ष का आरंभ खेड़ा सत्याग्रह से हुआ, जिसकी सफलता ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। समारोह में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंग ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, प्रदीप चंद्राकर, कुमारी भास्कर, देवेश नायक, वाणी तिवारी, महेंद्र सिक्का, छात्र सिंह नायक, पीयूष साहू, आनंद साहू, महेंद्र जैन, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, श्याम साकरकर, शरद मराठा, दिग्विजय साहू, पंकज चंद्राकर, रमेश साहू, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक, स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### बेलसोंडा से लोहिया चौक तक यूनिटी मार्च

गुरूवार को यूनिटी मार्च ग्राम पंचायत बेलसोंडा के राम सप्ताह चौक से सुबह 11 बजे शुरुआत की गई। सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। जिले में 8 किलोमीटर लंबी पदयात्रा ग्राम पंचायत बेलसोंडा से प्रारंभ होकर कस्तूरबा गांधी छात्रावास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शहीद स्मारक, साईं मंदिर, ग्राम पंचायत खरोरा, त्रिमूर्ति कॉलोनी, अंबेडकर चौक होकर लोहिया चौक में हुई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, खेल संघ, एनसीसी, स्काउट, रेडक्रॉस, एनएसएस, महाविद्यालय एवं विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। आयोजन के माध्यम से स्वच्छता, नशा मुक्ति प्रतिज्ञा, स्वदेशी भारत/आत्मनिर्भर भारत संकल्प, जागरूकता का संदेश दिया गया। देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

## फाइटर प्लेन के एयर शो की खातिर यात्री विमानों ने रास्ता छोड़ा, तीन पहले और दो बाद में हुई संचालित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- इंदौर, हैदराबाद, भुवनेश्वर, बेंगलुरु, लखनऊ वाली फ्लाइट री-शेड्यूल, आज भी असर

वायुसेना के फाइटर प्लेन के एयर शो के लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से रवाना होने वाली फ्लाइट के संचालन समय में बदलाव किया गया। तीन फ्लाइट सुबह दस बजे के पहले संचालित हुई और दो विमान दोपहर बारह बजे के बाद रवाना हुए। इन फ्लाइट के री-शेड्यूल की प्रक्रिया गुरुवार को भी जारी रहेगी। एयर शो के दौरान नवा रायपुर के आसमान पर फाइटर प्लेन के अलावा दूसरे फ्लाइट के उड़ान की मनाही थी। नवा रायपुर का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट सेंध जलाशय के दस किलोमीटर के दायरे में मौजूद है, इसलिए वहां सुरक्षा के मद्देनजर विमानों का संचालन शो अवधि यानी सुबह 10 से 12 बजे की बीच पांच दिन के लिए बंद रखा गया है। बुधवार को सेंध जलाशय के ऊपर फाइटर प्लेन द्वारा एयर शो का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइटर प्लेन विमानतल से उड़ान भरकर विभिन्न तरह के करतब लगाते रहे।

### यात्रियों को भेजी गई थी सूचना

जिन विमानों के समय में बदलाव किया गया था, उनके यात्रियों को एसएमएस के माध्यम से विमानन कंपनी द्वारा जानकारी भेजी जा चुकी थी। इसीलिए यात्रियों को परेशानी नहीं उठानी पड़ी। भुवनेश्वर और लखनऊ को छोड़कर अन्य शहरों के लिए अतिरिक्त फ्लाइट का संचालन भी किया जाता है। इन फ्लाइट की टाइमिंग अलग होने की वजह से उन पर एयर शो का कोई अलग असर नहीं हुआ।

## 33 आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के 100 से अधिक पदों पर भर्ती, गणित सहित विज्ञान, इंग्लिश के पद शामिल

- नवंबर में ही निकाला जाएगा विज्ञापन, आवेदन भी इसी माह होंगे प्रारंभ
- शिक्षकों के नौकरी छोड़े जाने के कारण रिक्त हुए हैं ये पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर जल्द ही भर्ती की जाएगी। इन रिक्त पदों के लिए नवंबर माह में ही विज्ञापन जारी किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, मौजूदा माह से ही आवेदन प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी जाएगी ताकि विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन का कार्य बाधित ना हो। रायपुर जिले में स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना के अंतर्गत 36 शालाएं हैं। इनमें से 33 इंग्लिश माध्यम हैं, जबकि शेष 3 हिंदी माध्यम हैं। रिक्त पद इंग्लिश माध्यम विद्यालयों के हैं। इन स्कूलों को स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना में शामिल किए जाने के दौरान यहां संविदा भर्ती हुई थी। सत्र 2021-22 और 2022-23 में ये भर्तियां की गईं। संविदा पदों पर नियुक्त हुए शिक्षकों ने अन्य जगह नियुक्ति होने, अपने गृहग्राम में ही पदस्थापना मिलने अथवा अन्य व्यक्तिगत कारणों से नौकरी छोड़ दी है। इसके बाद रायपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों के 100 से अधिक पद रिक्त हो गए हैं।




### खराब रहे हैं तिमाही के परिणाम

बीते माह हुई तिमाही परीक्षा के परिणाम विशेष अच्छे नहीं रहे हैं। जिले में आधे से अधिक छात्र अनुत्तीर्ण हो गए हैं। जिन स्कूलों के परिणाम खराब रहे हैं, उनके प्राचार्य को नोटिस भेजा गया है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के परिणाम भी अपेक्षा अनुरूप नहीं रहे हैं। इन सब स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द भर्ती की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेवा शर्तों और योग्यता मापदंड में अधिक परिवर्तन नहीं किया जाएगा। पिछले भर्ती के वक्त योग्यता के जो मापदंड निर्धारित थे, वे ही इस भर्ती में भी लागू होंगे।

पद रिक्त रहने के कारण अध्ययन-अध्यापन संबंधित कार्य प्रभावित हो रहा है। परिणाम सुधारने इन पदों पर अब जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा नियुक्ति का निर्णय लिया गया है।

### महत्वपूर्ण विषयों के पद रिक्त

गणित, विज्ञान, इंग्लिश सहित अन्य विषयों के पद भी रिक्त हैं। हिंदी, सामाजिक विज्ञान जैसे अपेक्षाकृत सरल विषयों का अध्यापन अन्य विषयों के शिक्षक द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन कुछ विषयों को लेकर दिक्कत का सामना विद्यालय प्रबंधन कर रहे हैं। नवीन भर्ती के बाद अतिरिक्त अध्यापन कर रहे शिक्षकों को राहत मिलेगी। वेतनमान भी अन्य संविदा शिक्षकों के समकक्ष ही रहेगा।

## आने वाली नमी कम होने से बढ़ेगी ठंड तीन से चार डिग्री तक गिरोगा रात का पारा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीस डिग्री से नीचे जा चुका न्यूनतम तापमान, आउटर में ठंडी हो रही रात

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा में कमी आने से राज्य में ठंड बढ़ने का दौर शुरू होने की संभावना है। राज्य में 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा चुके न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट आने के आसार हैं। दूसरी ओर बाहरी इलाकों में देर रात के बाद ठंड महसूस होने लगी है। उत्तरी इलाके में ठंड का प्रभाव साफ नजर आने लगा है।

आने वाले दिनों में रात का तापमान और कम होगा, जिससे ठंड बढ़ेगी, मगर दिन के टेंप्रेचर और बेचैन करने वाली तेज धूप से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। अभी ठंडी गर्मी के मौसम की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे मध्य पूर्व बंगाल की खाड़ी-म्यांमार के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विस्तारित है।

इसके धीरे-धीरे कमजोर होने के कारण बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा में कमी हो रही है, जिससे राज्य के न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। उत्तरी भाग से अगले चौबीस घंटे तथा मध्य और दक्षिण भाग अगले 48 घंटे बाद तीन दिनों में न्यूनतम यानी रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का अनुमान है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम पारा 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं माना में सर्वाधिक तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। बुधवार को शहर में तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान किया।



**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 32.1 | 19.3 |
| माना | 32.4 | 17.4 |
| बिलासपुर | 31.6 | 18.1 |
| पेंड्रा | 30.4 | 14.6 |
| अंबिकापुर | 29.4 | 12.5 |
| जगदलपुर | 32.2 | 19.3 |
| दुर्ग | 30.2 | 16.6 |

### तीन साल पहले 13 डिग्री उतरा पारा

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान ठंड के दिनों काफी सालों से दस डिग्री से नीचे नहीं उतरता है। इसीलिए यहां भरे ठंड के मौसम में भी शीतलहर की स्थिति नहीं बनती। आंकड़े की मानें, तो नवंबर में वर्ष 2022 में एक दिन शहर में अच्छी ठंड पड़ी थी और न्यूनतम पारा 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था। बीते दस सालों में शहर में नवंबर की ठंड 12 से 18 डिग्री के बीच रहती है।

## हिस्ट्रीशीटर सहित गांजा के साथ चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक हिस्ट्रीशीटर सहित चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 23 किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने गंज के हिस्ट्रीशीटक मोहम्मद शाहरुख, खमतराई निवासी प्रतीक शर्मा, मुंबई निवासी मोहम्मद शमीम, आजाद चौक निवासी पलक नागवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कमल विहार के एक मकान में छापा मारकर गांजा तस्करों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया।



## गुरुनानक जयंती पर नगर में भव्य कीर्तन यात्रा, ब्राह्मण समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

सिख समाज के प्रथम गुरु गुरु नानक देव की जयंती पिथौरा में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में पंच प्यारों की अगुवाई में भव्य कीर्तन यात्रा निकाली गई, जिसमें आकर्षक आतिशबाजी और भक्ति संगीत के बीच पूरा नगर गुरु नानक देव जी के जयकारों से गूंज उठा। दिनभर नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान पिथौरा ब्राह्मण समाज ने भी सद्भावना और भाईचारे का संदेश देते हुए शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में पंच प्यारों का विधिवत पूजा-अर्चना कर सम्मान किया गया। समाज की ओर से श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष कांशीराम भकलु शर्मा, पंडित ऋषिकेश शुक्ला, सरजू तिवारी, विजय दीक्षित, राकेश दीक्षित, पंडित कृष्णा शर्मा, पीएल मिश्रा, रामु तिवारी, मेवाराम दुबे, कोमल चौबे, सुरेंद्र दीक्षित, बबलू शर्मा, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित, पंडित अभिनव शुक्ला एवं पंडित राहुल पांडे सहित ब्राह्मण समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।



### दीवारें पूरी तरह जर्जर फिर भी टिन-लोहे की बना दी छत

**रायपुर।** कलेक्टोरेट भवन के कमरा नंबर 8 की गिरी छत को दोबारा बना दिया गया है। अंग्रेजों के जमाने में बने भवन के कमरे की छत लकड़ी एवं चूना मिट्टी से बनी हुई थी। इसकी जगह अब टिन एवं लोहे के शेड से छत बनाई गई है। बताया जा रहा है कि यह छत टेंपरेरी रूप से बनाई गई है, क्योंकि जल्द ही कलेक्टोरेट में पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होना है। हालांकि इस कमरे की दीवारें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत तक नहीं कराई गई है। इधर दूसरी ओर छत गिरने के बाद यहां से शिफ्ट किए गए राजस्व विभाग के कर्मचारियों को दोबारा इसी कमरे में शिफ्ट किए जाने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर कर्मचारियों में भय भी देखा जा रहा है, क्योंकि छत की तरह जर्जर दीवार के गिरने की संभावना अभी भी बनी हुई है।

## जिला पंचायत सदस्य के साथ रेप, फूड इंस्पेक्टर को उम्रकैद

### दो वर्ष पूर्व खम्हारडीह थाना क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत की महिला सदस्य को शादी करने का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाने और उसके बाद उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप करने के आरोपी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व की है। मामले की सुनवाई पंकज सिन्हा की स्पेशल कोर्ट में हुई है। जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार की है। विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के अनुसार कोर्ट ने प्रहलाद राठौर को कैद की सजा सुनाई है। महिला ने प्रहलाद राठौर के खिलाफ 28 फरवरी 2023 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बलौदाबाजार में पदस्थ फूड इंस्पेक्टर प्रहलाद राठौर के साथ काम के सिलसिले में जान पहचान हुई थी। दोनों ने एक दूसरे का मोबाइल नंबर शेयर किया था। प्रहलाद ने अपने आपको अविवाहित बताते हुए जिला पंचायत सदस्य को शादी करने का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया। दोनों डेढ़ साल तक एक दूसरे के साथ रिलेशन में रहे। इस दौरान महिला को फूड इंस्पेक्टर के विवाहित होने की जानकारी मिली। विवाहित होने की जानकारी मिलने पर महिला ने फूड इंस्पेक्टर से ब्रेकअप कर लिया।



## खबर संक्षेप



### तहसील पिथौरा में धान भंडारण पर कार्रवाई 300 बोरी धान जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर विशेष निगरानी रखी जा रही हैं। इसी तारतम्य में तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम भुरकोनी (जगदल्ला) में संदिग्ध धान भंडारण की सूचना प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा बजरंग सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में 4 नवंबर को जांच दल द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जांच टीम में नायब तहसीलदार पिथौरा ललित सिंह, राजस्व निरीक्षक शिव शंकर ठाकुर एवं पटवारी विनय कुमार पटेल शामिल थे। दल द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। ग्राम में स्थित रंगमंच के कमरे में लगभग 300 बोरियों में धान का अवैध भंडारण पाया। तत्पश्चात धान को ताला बंद कर सील किया गया तथा संरक्षित रखने के लिए उपस्थित ग्राम कोटवार को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही मंडी सचिव को भी इसकी सूचना दी गई। निर्देशानुसार मंडी सचिव एवं उनकी टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मंडी अधिनियम के तहत उक्त धान को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

### पुस्तक और कला प्रदर्शनी में झलकी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) द्वारा विश्वविद्यालय पुस्तकालय में एक विशेष पुस्तक एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस बार प्रदर्शनी का उद्देश्य राज्य स्थापना दिवस को संस्कृति और कला के दृष्टिकोण से मनाना था। यह कार्यक्रम लर्निंग रिसोर्सेज कमेटी एलआरसी और एचएनएलयू के छात्रों के संयुक्त प्रयासों से प्रो. डॉ. विष्णु कोनूरायर, फैकल्टी संयोजक, एलआरसी के मार्गदर्शन में हुआ। इसी दौरान छात्रों ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल सुसंगठित और सूचनाप्रद थी, बल्कि इससे उन्हें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के प्रति नई समझ और सम्मान प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में स्थानीय कलाकारों की चित्रकृतियों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया, जिनमें छत्तीसगढ़ की जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में चित्रित किया गया था।

### 21 कुंडीय यज्ञ-हवन भण्डारे का आयोजन

**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित संत आशाराम आश्रम में 21 कुंडीय यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ साधक परिवारों द्वारा पूजा अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद सामूहिक माला पूजन का आयोजन भी किया गया इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारा रखा गया।

### निधन

#### शिव कुमार शर्मा



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 21, सुभाष नगर निवासी शिव कुमार शर्मा (86) का निधन 6 नवंबर गुरुवार को शाम 4 बजे हो गया। उनकी अंत्येष्टि 7 नवंबर शुक्रवार सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में की जाएगी। वें भाजपा नेता राजेश (बंटी) शर्मा के पिता थे।

# कसेकेरा में मनाया गया गोपाष्टमी, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

कसेकेरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में गोपाष्टमी मिलन समारोह एवं गौ पूजन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विशेषर सिंह पटेल रहे। अध्यक्षता राजिम विभाग प्रचारक ठाकुर राम यादव ने की।

विशेष अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत सरपंच राकेश साहू, उप सरपंच बल्ला सिंह ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य पूजा एवन साहू, जनपद सदस्य नर्रा लोचन राम पटेल, जिला अध्यक्ष यादव समाज विनोद यादव, गौ सेवा आयोग जिला अध्यक्ष निलेश कुमार पटेल, जिला गौ सेवा प्रमुख रूपेंद्र कुमार साहू, विकासखंड अध्यक्ष बागबाहरा गिरीश कुमार चक्रधारी, गौ सेवा आयोग सदस्य कुबेर यदु, आयोजकों में हलधर यादव, कोशलाल यादव, संतोष यादव, जितेश, जितेंद्र यादव रहे। मुख्य अतिथि विशेषर सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौ संवर्धन केवल धार्मिक विषय नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। गौवंश संरक्षण में ग्रामीण समाज की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गाय केवल पशुधन नहीं, बल्कि धरती से लेकर मानव जीवन तक, सम्पूर्ण पारिस्थितिकी चक्र की धुरी है। गोबर, गौमूत्र, दूध, दही, घी से जुड़ा पंचगव्य न केवल कृषि, चिकित्सा और जीवन पद्धति का केंद्र रहा है, बल्कि आज वैज्ञानिक शोध भी इसके महत्व को प्रमाणित कर रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग पूरे प्रदेश में गौशालाओं को सशक्त करने, गौ आधारित रोजगार, गौ आधारित जैविक खेती के विस्तार हेतु सतत कार्य कर रहा है।



इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि गौ संरक्षण, गौ संवर्धन और ग्रामीण परंपराओं के संरक्षण को समाज स्तर पर मजबूत करने के लिए निरंतर सामाजिक जागरुकता अभियान चलेगा। समारोह में यह भी कहा गया कि गांव की समृद्धि की मूल जड़ गाय थी, है और रहेगी। यदि किसान गौ आधारित जैविक खेती अपनाएँ तो भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, रासायनिक लागत घटेगी और किसानों की आय भी बढ़ेगी। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत होम-टू-होम एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में होम-टू-होम एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) का वितरण बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा शुरू कर दिया गया है।



बुधवार से महासमुंद विधानसभा, खल्लारी विधानसभा, बसना विधानसभा तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से एन्यूमरेशन फॉर्म भरवा रहे हैं। यह अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित रहेगा। प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में गणना पत्रक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें एक प्रति मतदाता के पास तथा दूसरी प्रति बूथ लेवल अधिकारी के पास सुरक्षित रखी जाएगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची में प्रत्येक मतदाता का नाम, पता एवं अन्य विवरणों को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में यह कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य के लिए कुल 4 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी एवं बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता चाहें तो गणना पत्रक ऑनलाइन माध्यम से भी भर सकते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर लॉगिन कर अपनी जानकारी एवं फोटो अपलोड करनी होगी। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करना तथा मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाए रखना है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक मुक्त बनाने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय में पीएमश्री स्कूल योजना के अंतर्गत हरित विद्यालय निर्माण के लिए विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उमेश चंद्राकर कृषि विस्तार अधिकारी को विशेषज्ञ वार्ता में विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल विशेष रूप से उपस्थित थे।

विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र चंद्राकर ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। उमेश चंद्राकर ने अपने वार्ता में हरित विद्यालय निर्माण, प्लास्टिक मुक्त विद्यालय, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के संदर्भ में विद्यार्थियों और शिक्षकों को जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पर्यावरण जागरुकता को अपने व्यवहार में लाए और हरित विद्यालय निर्माण करें। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए हरित विद्यालय का महत्व भी समझाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परिचर्चा में भाग लिया। विद्यार्थियों से हरित विद्यालय से संबंधित प्रश्न पूछे गए और पुरस्कार भी प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने विशेषज्ञ वार्ता में अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वार्ता को अत्यंत उपयोगी बताया। साथ ही विद्यार्थियों से अपील किया कि विद्यालय को स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करें और पर्यावरण के प्रति अच्छी आदतों को जीवन में अपनाए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका श्रीकांता एक्का, जीके निर्मलकर, भूमिका साहू, प्रवीण साहू, सूर्यकूमार आदि का योगदान रहा।



## आयोजन : बासकुड़ा के राऊत नाचा महोत्सव में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

# हमारी संस्कृति, परंपरा ही छग का गौरवशाली इतिहासः निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिरपुर क्षेत्र के ग्राम बासकुड़ा में आयोजित राउत नाचा एवं शौर्य प्रदर्शन मेला महोत्सव में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान रावत नाचा दलों द्वारा आकर्षक पारंपरिक परिधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम ग्राम समिति व आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा साहू का रावत पागा पहनाकर व श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि हमारी संस्कृति, परंपरा ही छत्तीसगढ़ के गौरव शाली इतिहास की पहचान है। यहां की संस्कृति, लोक पर्व, तीज त्यौहार देश भर में प्रसिद्ध है। पूरे देशभर के राज्यों में यदि किसी को महतारी का दर्जा मिला है, तो वह छत्तीसगढ़ राज्य है। जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कार्यक्रम की भव्यता व ग्रामीणों के उत्साह को अद्वितीय बताते हुए बेहतर आयोजन के लिए ग्रामीणों को बधाई दी। साथ ही इस प्रकार का आयोजन गांव में करते रहने युवाओं को प्रेरित किया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व शासकीय कर्मचारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रृष्टि अमर चंद्राकर, अंजली जगन्नाथ खैरवार, राधेश्याम ध्रुव, भोजकुमारी पटेल, गोकरण पटेल, रामनिवास पटेल, ईश्वर पटेल, सुखनंदन यादव, गांधी यादव, जगदीश यादव, नीरा महेश ध्रुव, दिलीप ध्रुव, धनेश्वरी पटेल, उषा सुनील यादव, सरस्वती खैरवार, ओमप्रकाश खैरवार, कामनी लखन यादव, कुमार सिंह पटेल सहित सैकड़ों ग्रामीणजन, आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## बूथ लेवल अधिकारी व एजेंटों का हुआ प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनरों ने दी जानकारी

**सरायपाली।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महासमुंद के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सरायपाली के मार्गदर्शन में आईईएमबीएच स्कूल कुटेला में बूथ लेवल अधिकारी तथा बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रथम पाली में समस्त बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न मास्टर ट्रेनरों द्वारा आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा आगामी कार्य योजना पर चर्चा करते हुए सभी प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। इसी तारतम्य में द्वितीय पाली में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न दलों की प्रतिनिधि उपस्थित थे। उक्त प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी तथा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुपमा आनंद तथा तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीधर पंडा द्वारा बूथ लेवल एजेंट के कर्तव्य एवं कार्यक्षेत्र को बताया गया। साथ ही सभी मास्टर ट्रेनरों द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान नायब तहसीलदार हरिप्रसाद भोय तथा जिला से आए हुए निरीक्षणकर्ता अधिकारी डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



शिक्षण को सफल बनाने में मास्टर ट्रेनर सतीश स्वरूप पटेल, टीकाराम चौधरी, शैलेंद्र नायक, निर्मल प्रधान, किशोर पटेल, ललित कुमार साहू तथा निर्वाचन शाखा से चूड़ामणि चौधरी व त्रिनाथ पटेल का एवं समस्त विभागीय कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।



## नगर आगमन पर डिप्टी सीएम साव का स्वागत

**महासमुंद।** छग शासन के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के ओडिशा प्रवास के दौरान महासमुंद आगमन पर नेहरू चौक में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के नेतृत्व में पार्षदगण भाउराम साहू, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, मनीष शर्मा, भाजपाई नेता पांडुरंग मदनकार, शरद मराठा, मेघराज चंद्रसेन, समीर करकसे, गौरव राठी, बादशाह, नगर पालिका के महिला संगठन कर्मचारी ममता बग्गा, राखी ठाकुर, रमा महानंद, गोपाल सोना ने स्वागत किया।

# छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती पर्व पर छत्तीसगढ़ी काव्य गोष्ठी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती पर आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ़ी काव्य गोष्ठी का आयोजन केआर चंद्राकर के निवास स्थान जगत विहार कालोनी महासमुंद में किया गया। इस अवसर पर आस्था साहित्य समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी द्वारा छत्तीसगढ़ी की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि मया के अमरित बानी, महानदी के पानी पुतरी आंखी के अंतस के सुवांसा लहू म महतारी भासा। छत्तीसगढ़ की माटी का वर्मन करते हुए साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि मोर गांव के पबरित माटी चंदन मैं मान लगावंव माथ मं। बमरी फूड़हल फूल करणफूल मैं जान के पहिरेव साध म। डॉ. साधना कसार ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी ल बारंबार परणाम करत हव। रायपुर से पधारी आशा मानव ने आपकी पंक्तियों से नई ऊंचाईयां दी। उन्होंने कहा कि धीरे धीरे धीरे दुनिया बाढ़त रहिथे, अपन रुप ल ये दुनियां सवारत रहिथे।



काव्य गोष्ठी का छत्तीसगढ़ी में शानदार संचालन करते हुए साहित्यकार टेकराम सेन की पंक्तियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की महक बिखेरी-भौजी के ठिठोली, बबा के मीठ बोली, पीपर के छईहां, मोर गांव अऊ गवईहा, गुड़ी के गोठ, गली मं चौरा के बइठैया, गांव के गली मोहल्ला सुन्ना होगे, जब ले मोर गांव शहर होगे। छत्तीसगढ़ी व्यंजन के प्रचलन पर चिंता करते हुए सरिता तिवारी ने कहा कि सिरा जाही का रे सिरा जाही का तिजहा रोटी के बनाना, साइकिल में बाई के आना अंगाकर रोटी बासी अऊ चिरपोटी पताल के चटनी।

बागबाहरा से पधारे छत्तीसगढ़ी गजलकार हबीब खान समर ने रजत जयंती काव्य गोष्ठी को सफल बनाया। कईसे करही ये मोर जिनगानी तै काबर मोला धोका दिए ना, मोर जिवंरा होगे रे चानी चानी, तै काबर मोला धोका दिए ना। नवोदित हस्ताक्षर भोरिंग से पधारे हर्ष साहू ने पंक्तियों से खूब तालियां बटोरी। महासमुंद शहर के ख्यातिनाम संगीत एवं गीतकार विवेक रहटगांवकर ने गिरिज पंकज के गजल संग्रह का छत्तीसगढ़ी अनुवाद सुनाया, झन पूछ काबर लिखना जरुरी है। इस अवसर पर उन्होंने अनुवादित पुस्तक-एक दिन हमरो आही को आस्था साहित्य समिति को भेंट किया। संचालन टेकराम सेन चमक व अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद केआर चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।

# जमदरहा स्कूल की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित

**बसना।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जमदरहा में सायकल वितरण समारोह में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य देवकी पुरूषोत्तम दीवान, जनपद पंचायत सदस्य महेश्वरी प्रीतम सिंह सिदार, ग्राम पंचायत जमदरहा सरपंच प्रीतम कुमार चतुर्वेदी, सोमनाथ पटेल भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष, दीक्षित चंद्राकर वन समिति सदस्य, मनोज चौहान शिक्षा समिति सदस्य, कांशी प्रसाद बरीहा, अंजोर बरीहा पंच, विद्यालय के नोडल प्राचार्य यूके चौधरी, आशीष कुजूर, एलडी पटेल, राजन कर, चंद्रकांत मांझी, देवमोती पटेल, सुनीता नायक, अमृत निषाद, पांडव नागवंशी, राजेश दीवान, शिमला चौहान, डोलामणी पटेल, जितेन्द्र नाग, टेमन कुमार साहू एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में निःशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को आशीर्वचन दिया गया। विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए आशीष प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शंकर सिंह सिदार ने किया। संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अनिल कुमार साव, विकास खंड बसना के शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे ने सराहना की।





**खबर संक्षेप**



## अगहन माह की शुरुआत, महिलाओं ने की लक्ष्मी की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन महीना के प्रथम गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया। महिलाओं ने अपने परिवार व ग्राम के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने सुबह से व्रत का पालन किया। सुबह की पूजा अर्चना से दिन की शुरूआत किया गया। शाम को अपने घरों के प्रवेश द्वार पर चांवल के आटे से मां लक्ष्मी के पद चिन्ह बनाकर स्वागत किया गया। लता चंद्राकर ने कहा कि आज से अगहन महीना की शुरूआत हो चुकी है। यह माह देवी लक्ष्मी के उपासना के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। अगहन के प्रथम गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया और अगहन महीना के गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट दूर और मनोकामना पूर्ण होते हैं।



## सोनासिल्ली में हुआ आंवला पूजन

**झलप।** ग्राम सोनासिल्ली पाड़ेपाली में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा को आंवला पूजा बड़ी धूमधाम से मनाई गई। गांव की सुख शांति के लिए भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कमलेश प्रधान, संतोष रावत, मदन साहू, मनोज प्रधान, श्रीधर प्रधान, अरुण प्रधान व बड़ी संख्या में महिला व पुरुष सम्मिलित हुए।



## प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में आंवला तरी भात का आयोजन

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में आंवला पूजन कर बच्चों के साथ पालकों ने 'आंवला तरी' भात, प्रसाद खाया। बच्चों के साथ शिक्षकों व पालकों ने शाला में स्थित आंवला पौधे का पूजन कर और रक्षासूत्र बांधकर प्रकृति संरक्षण और सभी बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा की कामना किए। इसके पहले बच्चों ने शाला में सुआ नृत्य किया। पूजन पश्चात सभी ने भोजन प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्रसाद तैयार करने में बिसनी दीवान, बीना यादव, कुसुमलता दीवान, खिलेश्वरी ध्रुव, सुशीला साहू का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर, शिक्षक रामेश्वर ढीढी, सरपंच इंद्रा सिन्हा, पिरीत राम ध्रुव, हेमलता साहू, पंचराम ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव उपस्थित थे।

## गौरव विद्या मंदिर में विविध कार्यक्रम 14 को

**सरायपाली।** शहर के गौरव विद्या मंदिर में आगामी 14 नवंबर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें प्ले एवं पहली कक्षा में जलेबी दौड़, कक्षा दूसरी में कुर्सी दौड़, तीसरी में गेंद संग्रह, चौथी में गुब्बारा उछालो, पांचवी में त्रिटंगी दौड़, छठवीं में बोरा दौड़, कक्षा सातवीं में निबंध प्रतियोगिता मेरा विद्यालय कैसा हो, आठवीं में निबंध प्रतियोगिता विद्यालय का प्रधान पाठक मैं होता तो क्या करता, 9वीं बालिका रंगोली, 10वीं बालिका मेहंदी बालक ड्राइंग पेंटिंग, कक्षा ग्यारहवीं निबंध अनुशासन, कक्षा बारहवीं तात्कालिक भाषण गंगा मैया, गौ माता, गायत्री माता, रानी लक्ष्मीबाई, वीर शिवाजी, श्रीराम, सरस्वती माता, मेरा विद्यालय, देश के प्रधानमंत्री हमारा छत्तीसगढ़। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल ने दी है।

**कार्यक्रम : गोड़बहाल में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन**

# विधायक ने किया डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम गोड़बहाल में डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई भी की। ग्राम गोड़बहल में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में रामदुलारी सिन्हा, रूखमणी आत्माराम सेन, शैलेंद्री लक्ष्मी लाल ध्रुव, सादराम पटेल, जयराम वर्मा, मुकेश पटेल मौजूद थे।

विधायक यादव व अतिथियों का ग्राम पहुंचने पर ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक यादव ने



डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि यादव ने प्रतिभागियों की कला का सराहना करते हुए कहा कि डांस करने वाले कलाकारों का अपनी कला को दिखाने का सर्वोत्तम मंच डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन है, जिसमें डांस दिखाने का अवसर मिलता है। सामूहिक, एकल, युगल नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर स्थान अर्जित करते हैं, वास्तविक में इन कलाकारों का सर्वश्रेष्ठ इनाम दर्शक दीर्घा द्वारा मिले उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट है, जो कलाकारों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहित करती है।

उन्होंने डीजे डांस प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। साथ ही ग्रामवासियों को ग्राम विकास के लिए निश्चिन्त रहने आश्वासन दिया और स्वीकृत विकास कार्यो व ग्राम में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। इसके पूर्व ग्राम पहुंचने पर ग्रामवासियों ने विधायक यादव से ग्राम विकास को लेकर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर विधायक ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजा यादव, विकास यादव, आत्माराम सेन, जगमोहन यादव फुलसिंग निषाद, सरिता निषाद, भवना बरिहा, युवराज निषाद, संजय दीवान, डिगेश यादव, खगेश ठाकुर, संजू यादव, विकास बरिहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजद थे।

# स्कूल में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की सफल शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

हर नागरिक की पहचान का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज आधार कार्ड बन चुका है। सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति, बैंक खाते, राशन कार्ड सहित लगभग हर सेवा में अब आधार की आवश्यकता होती है। इसी कारण यह जरूरी है कि हर व्यक्ति की आधार जानकारी सटीक, अद्यतन और सुरक्षित रहे। इसी उद्देश्य से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की व्यवस्था लागू की है।

इसी दिशा में 28 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में यूआईडीएआई के निर्देशानुसार बड़े स्तर पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस अभियान का संचालन कलेक्टर के निर्देशन, जिला आधार ईडीएम भूपेंद्र अम्बिलकर के मार्गदर्शन तथा आधार कोऑर्डिनेटर मूलचंद निषाद के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिले के सभी ब्लॉकों में यह कार्य विद्यालय स्तर पर किया जा रहा है। ताकि, सभी विद्यार्थी समय पर अपने आधार बायोमेट्रिक अपडेट करवा सकें और भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना न करना पड़े। आधार गाइड टीम के किशोर सतपथी के अनुसार महासमुंद जिले में इस अभियान की शुरुआत के पहले पांच दिनों में लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थियों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है।

## पूर्व विधायक ने गौ वंशीय पशुओं की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को आगे आने की अपील की

**महासमुंद।** पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल के महत्वपूर्ण योजना गौठान योजना



से प्रेरित होकर खल्लारी में एक ग्रामीण द्वारा घुमंतु मवेशियों की देखभाल की जो जिम्मेदारी उठाई गई है, उसकी सराहना करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सभी गांवों के ग्रामीणों से अपील की है कि अब समय आ गया है कि खल्लारी के संतोष यादव की तरह सभी गांवों के नागरिक जागरूकता का परिचय देते हुए गौ माता की सुरक्षा का संकल्प लें। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा केवल गाय के नाम पर वोट मांगना जानती है, वहीं गायों की सुरक्षा के लिए बनाए गए योजनाओं को महज इसलिए बंद कर देती है कि उसे कांग्रेस ने बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भले ही पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल के समय पशुओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए गौठान योजना को दुर्भावना पूर्वक बंद कर दिया हो, लेकिन अभी भी गाँवों में गौठान भूमि सुरक्षित है। यदि ग्रामीण चाहे तो इन गौठानों को सर्वसम्मति से पुनः पशुओं के लिए संरक्षित किया जा सकता है।

# कराते में बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन, नेशनल के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

■ खल्लारी विधायक ने हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन

क्षेत्र की पांच बालिकाओं ने राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर प्रतिभागियों ने खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। जिस पर विधायक यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्हें आगे स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



गौरतलब है कि राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में ग्राम हरनादादर की छह खिलाड़ियों नेहा भारद्वाज, हर्षा ध्रुव, देवकी यादव व डालेश्वरी ध्रुव ने स्वर्ण पदक तथा खिलेश्वरी ठाकुर ने रजत पदक जीता। वहीं ओपन कराते चैंपियनशिप में देवकी यादव व हर्षा ध्रुव ने स्वर्ण, डालेश्वरी ध्रुव ने रजत तथा नेहा भारद्वाज ने कांस्य पदक अपने नाम करके क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने के बाद खिलाड़ियों ने खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। इस दौरान विधायक यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मुंह मीठा कराया और उनके प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। खिलाड़ियों ने बताया कि 28-29 नवंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता आयोजित है, जिसमें उन्हें शामिल होना है।

# मनसा देवी मंदिर प्रांगण में हुआ आंवला तरी कार्यक्रम, श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कार्तिक मास के शुक्ल चतुर्दशी को अंचल में सामूहिक रूप से आंवला तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह सामूहिक आयोजन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। इसके लिए सभी ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के नर्सरी, देवालय, मैदान पर एकत्रित होते हैं और सुरम्य वातावरण में सर्वप्रथम आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना करने के बाद सभी मिलकर भोजन बनाकर सामूहिक भोज का आंनद लिया गया। इस तरह का सामूहिक आयोजन बहुत कम देखने को मिलता है, यही कारण है कि ग्रामवासियों के इस कार्यक्रम की चर्चा पूरे अंचल में होती रही।



कार्तिक मास के अंतिम सप्ताह में इस बार मनसा देवी मंदिर प्रांगण ब्लाक कालोनी में भी महिलाओं द्वारा भी आंवला तरी भोज का आनंद लिया गया। साथ ही अंचल में बड़े उत्साह के साथ लोग अपने क्षेत्र, गांव आदि स्थानों पर पिकनिक करते हुए आंवला तरी भोज किया गया हैं। इस तरह आयोजन को लेकर पूरे गांव के लोग कई दिनों से तैयारी में जुट जाते हैं। प्रत्येक घरों से इस आयोजन के लिए चावल, पैसा इकट्ठा कर स्वेच्छा से मनाया गया। कहीं कुछ परिवार मिलकर, कहीं एक मोहल्ले के लोग तो कहीं पूरे गांव के लोग भी एक साथ सामूहिक भोज का आनंद लिया।

## रसायनशास्त्र विभाग परिषद का गठन अंजली अध्यक्ष एवं गोपीचंद उपाध्यक्ष मनोनीत

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख, प्रदीप कन्हेर विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र, सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक, नम्रता तंबोली अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र मंचस्थ रहे। सर्वप्रथम प्रदीप कन्हेर ने सत्र 2025-26 में मनोनीत पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के नाम की घोषणा की। अध्यक्ष अंजली अग्रवाल तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष गोपीचंद पटेल प्रथम सेमेस्टर, सचिव दामिनी साहू तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव कुमकुम ठाकुर प्रथम सेमेस्टर को मनोनीत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य में तृतीय सेमेस्टर से अंकिता सामल, दानेश्वर साहू, गुलशन साहू, हिमांशु देवांगन, रीना साहू, श्रद्धा सिन्हा एवं एमएससी प्रथम सेमेस्टर से आरती मेहता, अभिषेक साहू, कोमल साहू, संजय मेहेर, पायल प्रजापति, साकेत कुमार मधुकर को मनोनीत किया गया। प्रो. करुणा दुबे ने सभी मनोनीत पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में अनुशासन, डिजिटल जागरूकता, वर्तमान समय में ज्वलंत समस्याएं जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण में विद्यार्थियों की सहभागिता की बात कही। परिवेश के अनुसार अपने आप को तैयार रखे एवं ईमानदारी, निष्ठा पूर्वक दायित्वों का निर्वहन करिए। समय प्रबंधन को समझने वाला छात्र एक श्रेष्ठ करियर का निर्माण कर सकता है और जिसमें आप अपने आदर्श छवि का निर्माण कर सकते है। डॉ. ई पी चेलक द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि विज्ञान के विद्यार्थी कम समय में अच्छे से प्रबंध कर लेते है। साथ ही समय का सदुपयोग, सही रास्ते का चुनाव कर अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते है। अपने मिले हुए अवसरों को भुनाना उस पर खरा उतरना चाहिए। साथ ही परिषद गठन कार्यक्रम में पूर्व छात्र अर्जुन बीसी जिन्होंने दिसंबर 2024 में आल इंडिया रैंक 139 के साथ ज्वाइंट सीएसआईआर यूजीसी नेट एवं जेआरएफ को उत्तीर्ण कर महाविद्यालय और विभाग का नाम रोशन किया का रसायनशास्त्र विभाग द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अर्जुन बीसी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बहुत कम नंबरों के अंतर से वे दो बार असफल हुए। किंतु, उन्होंने रीस्टार्ट कर अपने परीक्षा की तैयारी पुनः शुरू किया।



## उत्तर प्रदेश के किसान प्रेम सिंह ने आयोजित किया जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**महासमुंद।** जीवन विद्या चेतना विकास मूल्य शिक्षा आधारित 27वां जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन उत्तर प्रदेश के बांदा में प्रेम सिंह के बगिया में आयोजित हुआ। यह सम्मेलन 29 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित हुआ। इस दर्शन के प्रणेता ए नागराज है। मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि सम्मेलन छत्तीसगढ़ से 200 प्रतिभागी शामिल हुए। सम्मेलन में अशोक गोपाला देहरादून, शीला गोपाला समेत छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, कलकत्ता, गुजरात समेत अनेक चिकित्सकों, शिक्षकों, किसानों का सहयोग रहा।

# दीपदान कर आंवला वृक्ष की पूजा के साथ किया सामूहिक भोज

**महासमुंद।** ग्राम खैरा में जय भोले महिला समिति के सदस्यों द्वारा कार्तिक पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह भजन कीर्तन और भगवान विष्णु एवं भगवान शिव की आराधना से हुई। इसके बाद आवला वृक्ष के नीचे सामूहिक रूप से अक्षत, पीले लाल पुष्प, नारियल, पान, सुपारी, कलावा, तुलसी, आवला, दूर्वा, शमी पत्र ,पीपल के पत्तों, कच्चा धागा एवं गंगाजल से पूजन किया गया।

जय भोले समिति के सदस्य दामिनी साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा के प्रसिद्धि के कई कारण है। इस दिन भगवान शिव द्वारा त्रिपुरासुर राक्षस का वध, भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार का प्रकट होना, देवी तुलसी का प्राकट्य और गुरुनानक जयंती शामिल है। जय भोले समिति के सदस्य दुर्गा ध्रुव कहा कि आवला पेड़ का महत्व धार्मिक,



पौराणिक और वैज्ञानिक है, क्योंकि यह भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है, घर में सकारात्मक ऊर्जा लाता है और औषधि गुणों से भरपूर है। धार्मिक दृष्टि से, इसकी पूजा से सुख समृद्धि और पुण्य मिलता है। जबकि वैज्ञानिक रूप से यह विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। ऐसी मान्यता है कि आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने से अक्षय पुण्य मिलता है। जिस घर में यह वृक्ष लगा होता है, उसे तीर्थ की समान माना जाता है। इस अवसर पर जय भोले समिति के महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्य दामिनी साह, दुर्गा ध्रुव, जानकी चंद्राकर, नेहा चंद्राकर, शिवानी ध्रुव, नर्मदा ध्रुव, रामायण ध्रुव, मीना ध्रुव, टिकेश्वरी चंद्राकर, कुलेश्वरी चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, गंगा चंद्राकर, किरण चंद्राकर, योगेश्वरी चंद्राकर, अनीता चंद्राकर, टिकेश्वरी चंद्राकर, दुलारी चंद्राकर, राधिका चंद्राकर, चंपेश्वरी चंद्राकर, रोशनी चंद्राकर, लता चंद्राकर, सुनीता वैष्णव, लीला चंद्राकर आदि उपस्थित रही। उपरोक्त जानकारी ग्राम खैरा निवासी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।



# शैक्षणिक गुणवत्ता, योजनाओं की प्रगति तथा विद्यालयों में चल रही गतिविधियों की हुई समीक्षा

**महासमुंद।** बीआरसीसी महासमुंद में विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद ब्लॉक के समस्त संकुल समन्वयकों ने सहभागिता की। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, योजनाओं की प्रगति तथा विद्यालयों में चल रही गतिविधियों की समीक्षा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से एपीसी डीएन जांगड़े, विद्या साहू, संजय ध्रुव, बीईओ लीलाधर सिन्हा तथा बीआरसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संकुल समन्वयकों को विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए सुदृढ़ मॉनिटरिंग, नवीन तकनीकों के उपयोग तथा विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति के आधार पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू ने दी है।

